Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **प्रतापगढ़ में संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र 3 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आरोपी के आवास एवं ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *03 अगस्त, शनिवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की प्रतापगढ़ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **राजीव गर्ग संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जिला प्रतापगढ़** को परिवादी से **3 लाख रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की प्रतापगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि सातवें वेतनमान का स्थिरीकरण, पेंशन प्रकरण का भुगतान एवं एरियर का भुगतान करने की एवज में आरोपी राजीव गर्ग संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जिला प्रतापगढ़ द्वारा **3 लाख 50 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी की प्रतापगढ़ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी राजीव गर्ग संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जिला प्रतापगढ़ को परिवादी से **3 लाख रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी द्वारा शिकायत से पूर्व भी परिवादी से **50 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे। कार्यवाही के दौरान आरोपी के **जयपुर स्थित मकान एवं एक फ्लेट** की तलाशी के लिये ए.सी.बी टीम पहुँची तो दोनों बन्द मिले जिन्हें **सील किया गया है।** माननीय न्यायालय से आरोपी का रिमांड़ लिया जाकर उसकी उपस्थिति में ही उक्त ठिकानों की तलाशी ली जायेगी।

एसीबी जयपुर की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**